**प्रश्न 2.** $a_n = \frac{n}{n+1}$

**हल** दिया है, $a_n = \frac{n}{n+1}$

$n = 1, 2, 3, 4, 5$ रखने पर,

$n = 1$ पर, $a_1 = \frac{1}{1+1} = \frac{1}{2}$

$n = 2$ पर, $a_2 = \frac{2}{2+1} = \frac{2}{3}$

$n = 3$ पर, $a_3 = \frac{3}{3+1} = \frac{3}{4}$

$n = 4$ पर, $a_4 = \frac{4}{4+1} = \frac{4}{5}$

$n = 5$ पर, $a_5 = \frac{5}{5+1} = \frac{5}{6}$

**प्रश्न 3.** $a_n = 2^n$

**हल** दिया है, $a_n = 2^n$

$n = 1, 2, 3, 4, 5$ रखने पर,

$n = 1$ पर, $a_1 = 2^1 = 2$

$n = 2$ पर, $a_2 = 2^2 = 4$

$n = 3$ पर, $a_3 = 2^3 = 8$

$n = 4$ पर, $a_4 = 2^4 = 16$

$n = 5$ पर, $a_5 = 2^5 = 32$

**प्रश्न 4.** $a_n = \frac{2n-3}{6}$

**हल** दिया है, $a_n = \frac{2n-3}{6}$

$n = 1, 2, 3, 4, 5$ रखने पर,

$n = 1$ पर, $a_1 = \frac{2 \times 1 - 3}{6} = \frac{2-3}{6} = -\frac{1}{6}$

$n = 2$ पर, $a_2 = \frac{2 \times 2 - 3}{6} = \frac{4-3}{6} = \frac{1}{6}$

$n = 3$ पर, $a_3 = \frac{2 \times 3 - 3}{6} = \frac{6-3}{6} = \frac{3}{6} = \frac{1}{2}$

$n = 4$ पर, $a_4 = \frac{2 \times 4 - 3}{6} = \frac{8-3}{6} = \frac{5}{6}$

$n = 5$ पर, $a_5 = \frac{2 \times 5 - 3}{6} = \frac{10-3}{6} = \frac{7}{6}$

evidyarthi

**हल** यहाँ, $a = 3, r = 3, S_n = 120$

अब, $$S_n = \frac{a(r^n - 1)}{r - 1}, r > 1$$

$\Rightarrow$ $$120 = \frac{3(3^n - 1)}{3 - 1}$$

$\Rightarrow$ $$120 = \frac{3(3^n - 1)}{2}$$

$\Rightarrow$ $$120 \times 2 = 3(3^n - 1)$$

$\Rightarrow$ $$\frac{240}{3} = 3^n - 1$$

$\Rightarrow$ $$3^n - 1 = 80 \Rightarrow 3^n = 80 + 1$$

$\Rightarrow$ $$3^n = 81 \Rightarrow 3^n = 3^4$$

दोनों ओर 3 के घातों की तुलना करने पर,

$\Rightarrow$ $$n = 4$$

**प्रश्न 14. किसी गुणोत्तर श्रेढ़ी के प्रथम तीन पदों का योगफल 16 है तथा अगले तीन पदों का योग 128 है, तो गुणोत्तर श्रेढ़ी का प्रथम पद, सार्वानुपात तथा $n$ पदों का योगफल ज्ञात कीजिए।**

**हल** मान लीजिए गुणोत्तर श्रेढ़ी है, $a, ar, ar^2, ar^3, \ldots$

दिया है, $$a + ar + ar^2 = 16 \quad \ldots(i)$$

तथा $$ar^3 + ar^4 + ar^5 = 128 \quad \ldots(ii)$$

समी (i) को समी (ii) से भाग करने पर, $$\frac{a + ar + ar^2}{ar^3 + ar^4 + ar^5} = \frac{16}{128}$$

$\Rightarrow$ $$\frac{a(1 + r + r^2)}{ar^3(1 + r + r^2)} = \frac{1}{8} \Rightarrow \frac{1}{r^3} = \left(\frac{1}{2}\right)^3 = \left(\frac{1}{r}\right)^3$$

दोनों ओर घात 3 के आधार की तुलना करने पर,

$\Rightarrow$ $$r = 2$$

$r = 2$ समी (i) में रखने पर,

$\Rightarrow$ $$a + 2a + 4a = 16$$

$\Rightarrow$ $$7a = 16$$

$\Rightarrow$ $$a = \frac{16}{7}$$

अब, $$S_n = \frac{a(r^n - 1)}{r - 1} \quad (\because r = 2 > 1)$$

$$= \frac{\frac{16}{7}(2^n - 1)}{2 - 1} = \frac{16}{7}(2^n - 1) \quad (\because r > 1)$$

evidyarthi

**प्रश्न 17.** यदि $a, b, c, d$ गुणोत्तर श्रेणी में हैं, तो सिद्ध कीजिए कि

$(a^n + b^n), (b^n + c^n), (c^n + d^n)$ गुणोत्तर श्रेढ़ी में हैं।

हम जानते हैं कि यदि तीन संख्याएँ $a, b, c$ गुणोत्तर श्रेढ़ी में हों, तब $b^2 = ac$

इस परिणाम का प्रयोग कर सत्यापित करेंगे।

**हल** $\because a, b, c, d$ गुणोत्तर श्रेढ़ी में हैं।

$\Rightarrow \quad b = ar, c = ar^2, d = ar^3 \quad \quad ...(i)$

अब, हमें सिद्ध करना है $a^n + b^n, b^n + c^n, c^n + d^n$ गुणोत्तर श्रेढ़ी में हैं।

$\Rightarrow \quad (b^n + c^n)^2 = (a^n + b^n)(c^n + d^n)$

दायाँ पक्ष $= (a^n + b^n)(c^n + d^n)$

$= (a^n + a^n r^n) \times (a^n r^{2n} + a^n r^{3n})$ [समी (i) से]

$= a^n (1 + r^n) a^n r^{2n} (1 + r^n)$

$= a^{2n} r^{2n} (1 + r^n)^2 = [a^n r^n (1 + r^n)]^2 = (a^n r^n + a^n r^{2n})^2$

$= [(ar)^n + (ar^2)^n]^2 = (b^n + c^n)^2$ [समी (i) से]

= बायाँ पक्ष

$\therefore$ बायाँ पक्ष = दायाँ पक्ष इति सिद्धम्

**प्रश्न 18.** यदि $x^2 - 3x + p = 0$ के मूल $a$ तथा $b$ हैं तथा $x^2 - 12x + q = 0$, के मूल $c$ तथा $d$ हैं, जहाँ $a, b, c, d$ गुणोत्तर श्रेढ़ी के रूप में हैं। सिद्ध कीजिए कि $(q + p) : (q - p) = 17 : 15$.

यदि द्विघात समीकरण $ax^2 + bx + c = 0$ के मूल $\alpha$ तथा $\beta$ हैं।

तब, मूलों का योग $= \alpha + \beta = -\frac{b}{a}$ तथा मूलों का गुणनफल $= \alpha\beta = \frac{c}{a}$

**हल** दिया है, समीकरण $x^2 - 3x + p = 0$ के मूल $a$ तथा $b$ हैं।

$\therefore$ मूलों का योग, $\quad a + b = -\frac{(-3)}{1} = 3$

$\Rightarrow \quad a + b = 3 \quad \quad ...(i)$

तथा मूलों का गुणनफल, $\quad ab = p \quad \quad ...(ii)$

पुनः दिया है, समीकरण $x^2 - 12x + q = 0$ के मूल $c$ तथा $d$ हैं।

मूलों का योग, $\quad c + d = -\frac{(-12)}{1} = 12$

$\Rightarrow \quad c + d = 12 \quad \quad ...(iii)$

तथा मूलों का गुणनफल, $\quad cd = q \quad \quad ...(iv)$

पुनः यह दिया हुआ है कि $a, b, c, d$ गुणोत्तर श्रेढ़ी में हैं।

$\Rightarrow \quad b = ar, c = ar^2$ तथा $d = ar^3$

